आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.03.2026 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से असम के दो दिवसीय दौरे पर, पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात, सरसों की भावांतर योजना और अरहर की सौ फीसदी सरकारी खरीद को मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव कल ग्वालियर से लाडली बहना योजना की 34वीं किस्त जारी करेंगे।
- खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का आश्वासन- प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध।

पीएम मोदी- असम दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। कल वे पहले कोकराझार जाएंगे, जहां रेलवे कोच मरम्मत कारखाने और छह पुलों का शिलान्यास करेंगे। शाम को प्रधानमंत्री, गुवाहाटी में चाय बागान श्रमिकों को भूमि पट्टे सौंपेंगे और 150 मेगावाट की कोपिली जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के तहत 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। 14 मार्च को प्रधानमंत्री सिलचर में 22 हजार करोड़ की लागत से बनने वाले सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखेंगे। इससे दोनों शहरों के बीच का सफर आठ घंटे से घटकर साढ़े चार घंटे का रह जाएगा।

सीएम- दिल्ली दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली में केंद्र सरकार के तीन बड़े मंत्रियों से मुलाकात की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भरोसा दिलाया कि 31 मार्च से पहले विभिन्न विभागों का बकाया जारी कर दिया जाएगा और उज्जैन सिंहस्थ के लिए भी वित्तीय मदद दी जाएगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात में सरसों की भावांतर योजना को मंजूरी मिली और

अरहर की सौ फीसदी सरकारी खरीद को भी हरी झंडी दी गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील से प्रदेश की जल परियोजनाओं पर भी चर्चा की।

## सीएम- लाडली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल ग्वालियर के भितरवार से लाडली बहना योजना की 34वीं किस्त जारी करेंगे। 1 करोड़ 28 लाख बहनों के खातों में 1500-1500 रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर किए जाएंगे।

## विदेश मंत्रालय- ब्रीफिंग

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज बताया कि ईरान में करीब 9 हजार भारतीय नागरिक हैं और सरकार उन्हें सुरक्षित निकालने में मदद कर रही है। श्री जायसवाल ने बताया-

विदेश मंत्री जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री के बीच पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी खाड़ी देशों के कई नेताओं से बात कर जल्द शांति बहाली के लिए कूटनीति पर जोर दिया है।

## रेलवे में स्मार्ट मॉनिटरिंग

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में बताया कि भारतीय रेलवे ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए AI और मशीन लर्निंग तकनीक अपनाई है। उन्होंने कहा कि कोहरे और खराब मौसम में लोको पायलटों को बेहतर दृश्यता देने के लिए त्रि-नेत्र प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके साथ ही पटरियों की निगरानी के लिए एकीकृत ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम भी लगाया गया है।

## एमपी में एलपीजी आपूर्ति

प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आश्वासन दिया है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आम उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि अब एलपीजी रिफिल की बुकिंग पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही होगी और घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी जिला कलेक्टरों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पेट्रोलियम और प्राकृतिक

गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार घरेलू उपभोक्ताओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

अशोकनगर-कोलारस को नई ट्रेन सुविधा

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पत्र पर रेल मंत्रालय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अशोकनगर और कोलारस में दो ट्रेनों का ठहराव मंजूर किया है। अशोकनगर में सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस और कोलारस में उज्जैनी एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया गया है। श्री सिंधिया ने इसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

मध्य प्रदेश की अमृत मित्र महिलाएं

प्रदेश की करीब 300 अमृत मित्र महिलाएं कल दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले राष्ट्रीय महोत्सव में शिरकत करेंगी। ये महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं और शहरों में पानी की गुणवत्ता जांचने से लेकर बागवानी और पौधरोपण तक की जिम्मेदारी निभा रही हैं। केंद्र सरकार के अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत आयोजित इस महोत्सव में देशभर के कई राज्यों की महिलाएं भी शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर जल संरक्षण और शहरी प्रबंधन में बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे।

सर्वाइकल कैंसर

प्रदेश में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। 14 से 15 साल की उम्र की बच्चियों को यह टीका सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल मुफ्त लगाया जा रहा है, जबकि बाजार में इसकी कीमत चार हजार रुपये है। अभियान के तहत नीमच जिले में अब तक एक हजार से ज्यादा किशोरियों को यह टीका लगाया जा चुका है।

यूपीएससी सीएमएस भर्ती

संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी ने कंबाइंड मेडिकल सर्विस परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस बार कुल 1358 पदों पर भर्ती होगी। इन पदों में मेडिकल

ऑफिसर से लेकर असिस्टेंट डिविजनल मेडिकल ऑफिसर तक के पद शामिल हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 31 मार्च है।

योग महोत्सव-2026

कल दिल्ली के विज्ञान भवन में योग महोत्सव का आयोजन होगा। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान इस कार्यक्रम को सुबह 9 बजे से आयोजित करेगा। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 100 दिन की उलटी गिनती की शुरुआत का प्रतीक है। आयुष मंत्रालय ने देशभर में 100 संगठनों को 100 अलग-अलग शहरों में योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जोड़ा है। हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल - ग्राम कुल्पा

बालाघाट जिले के छोटे से गांव कुल्पा की 13 महिलाओं ने मिसाल कायम की है। कृष्णा आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर इन महिलाओं ने बकरी पालन, सब्जी उत्पादन, जनरल स्टोर और ट्रैक्टर खरीद जैसे कई छोटे-छोटे कारोबार शुरू किए। आज समूह की कई महिलाएं हर महीने 15 से 25 हजार रुपये तक कमा रही हैं। सबसे प्रेरणादायक कहानी नीरा दशहरे की है, जिन्होंने समूह से मिले ऋण से अपनी तीनों बेटियों को पढ़ाया और आज तीनों नौकरी कर रही हैं।

समाचार संक्षेप में :-

- राजगढ़ जिले के सारंगपुर में कृषि विभाग ने पुलिस और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक कर नरवाई प्रबंधन के दिशा-निर्देश दिए।
- शिवपुरी में 19 से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्र में लगने वाले बलारपुर माता मंदिर मेले की तैयारी को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई।
- बैतूल में महिला एवं बाल विकास और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एकलव्य महिला आईटीआई में 15 दिवसीय अपराजिता कार्यक्रम शुरू हुआ।
- नर्मदापुरम में खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योगों के लिए वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया।
- छतरपुर में एलपीजी वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभारी कलेक्टर ने जांच दल गठित किया।

- सीएसआईआर की भारत-2047 परियोजना के तहत रायसेन के जनकपुर गांव का चयन स्मार्ट विलेज के रूप में हुआ है।
- सीहोर में 17 मार्च को डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला आईटीआई में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन होगा।
- सतना के ग्राम भांद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 200 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।
- सागर जिले के खमरिया ग्राम में आज एक दर्दनाक घटना में एक महिला और उनकी चार मासूम बेटियों की मौत हो गई।
- छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम देवगढ़ और चिमटीपुर को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा।
- गुना जिले के रूठियाई में पुलिस ने एक कमरे से पति-पत्नी के 3 से 4 दिन पुराने शव बरामद किए हैं।

---------------------------------